प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
31.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

प्रधानमंत्री–एकता दिवस

कृतज्ञ राष्ट्र आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू–ऑफ–यूनिटी पर राष्ट्रीय एकता दिवस के भव्य समारोह में राष्ट्र का नेतृत्व किया। इस अवसर पर एकता नगर में भव्य समारोह का आायेजन किया गया और विभिन्न राज्यों की झांकियों को भी प्रदर्शित किया गया। आज के दिन की शुरूआत प्रधानमंत्री ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करके की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एकता दिवस की शपथ दिलाई और परेड का अवलोकन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की बधाई दी और कहा कि वह नई भारत की संकल्प शक्ति दिवस को महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि पटेल ने देश की समप्रभुता को सबसे ऊपर रखा।

वहीं प्रदेश में भी एकता दिवस पर स्कूलों और विश्वविद्यालय परिसरों में व्यापक पैमाने पर एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर धर्मशाला जबकि पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर हमीरपुर में एकता दौड़ में शामिल होंगे।

शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली के रोहिणी में अंतर्राष्ट्रीय आर्यन शिखर सम्मेलन 2025 में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती और आर्य समाज की समाज सेवा के 150 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित ज्ञान ज्योति महोत्सव का हिस्सा है। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य महर्षि दयानंद सरस्वती की सुधारवादी और शैक्षिक विरासत का सम्मान करना और विकसित भारत 2047 के साथ स्वदेशी मूल्यों का समन्वय करना है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुक्खविंद्र सिंह सुक्खू आज भगवान परशुराम जी की पालकी को कंधा देने के साथ अंतर्राष्ट्रीय श्रीरेणुकाजी मेले का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री का आज दोपहर ददाहु पंहचने का कार्यक्रम है। उसके बाद वे देव अभिनंदन व शोभायात्रा में भाग लेंगे। बाद में मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनियों का उद्‌घाटन व अवलोकन भी करेंगे।

वहीं दूसरी तरफ जिला किन्नौर में मनाए जा रहे राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव के दूसरे दिन मैराथन दौड़ का आयोजन होगा और साथ ही नेशनल ट्राइबल फेस्टिबल भी मनाया जाएगा।

जी.एस.टी

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को वस्तु और सेवाकर दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। जिससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ। आज, हम खाद्य पदार्थों में नई जीएसटी दरों से आम जन को हुए लाभ की जानकारी आपको दे रहे हैं।

आम आदमी को बड़ी राहत देने के लिए सरकार ने जरूरी खाद्य पदार्थों पर जीएसटी कम कर दिया है। नए कर ढांचे के तहत मक्खन, घी और अन्य डेयरी उत्पादों पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। जीएसटी में इस कमी से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा मिला है। फलों और सब्जियों के रस जैसे फलों के गूदें और सब्जियों के रस पर अब 12 प्रतिशत की बजाय 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इन सुधारों से कई जरूरी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की कीमते कम हुई हैं, जिससे घरेलू खर्च कम हुआ है।

इंदिरा गांधी पुण्यतिथि

आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री अब से कुछ देर बाद शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। उसके बाद राष्ट्रीय संकल्प दिवस की शपथ दिलाई जाएगी।

देव संसद

18 साल बाद आज नग्गर स्थित जगती पट के पास देव संसद (बड़ी जगती) का आयोजन किया जा रहा है। इस देव संसद में 300 से अधिक देवी–देवताओं के भाग लेने की उम्मीद है।

अधिक बयोरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता

*कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान भविष्य में समय अच्छा न दिखने को लेकर देव संसद यानि जगती बनाने के आदेश दिए गए थे माता के इस आदेश के बाद देव जगती के पर बड़ी जगती का आयोजन किया गया जिसमें 300 से अधिक देवी देवता के भाग लेने की उम्मीद है तथा दूर दाराज के घंटी दर और देवलू पहुंच भी गए इससे पहले देव संसद 18 वर्ष बाद हो रही है जो कि 2007 में हुई का आयोजन हुआ था तब देवी देवता ने स्की विलेज को प्रोजेट को स्थापित न करने के आदेश दिए थे तब बाद कम्पनी को अपना सामान समेट कर वापिस लौटना पड़ा था हालांकी पांच वर्ष पहले दशहरे उत्सव के बाद देव जगती के आदेश दिए थे।* आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा

मुख्य न्यायाधीश

न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें बधाई दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत को अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 24 नवम्बर से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वह प्रदेश उच्च न्यायालय के भी मुख्य न्यायाधीश रह चुकें है। उन्होंने 5 अक्टूबर 2018 को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी शपथ ली।